U.S. Small Business Administration

शटर्ड वेन्यू परिचालक अनुदान

आवेदन के बाद के लिए मागदर्शन | 28 जुलाई, 2021

शटर्ड वेन्यू परिचालक अनुदान (SVOG) कार्यक्रम धारा 324 के तहत बुरी तरह त्रस्त लघु व्यवसायों, गैर-लाभकारी और वेन्यू अधिनियम (आर्थिक सहायता अधिनियम) के लिए आर्थिक सहायता हेतु स्थापित किया गया, जिसे 27 दिसंबर, 2020 में क़ानून में लाया गया है, यह H.R. का एक हिस्सा है। 133 समेकित विनियोग अधिनियम, 2021(सार्वजनिक कानून संख्या: 116-260). आर्थिक सहायता अधिनियम की धारा 324 अमेरिकी बचाव योजना अधिनियमकी धारा 5005 द्वारा संशोधित किया गया था (सार्वजनिक कानून संख्या:: 117-2) March 11, 2021 को कानून में लाया गया है।

यह मागदर्शन दस्तावेज आवेदकों के लिए SvOG कार्यक्रम के बारे में सामान्य प्रश्नों के उत्तर प्रदान करता है।

आवेदन के बाद के लिए मागदर्शन

विषय सूची

आवेदन के बाद के लिए मागदर्शन 1
आवेदन उपरांत 1
आवेदक कार्रवाई आइटम जो "समीक्षा में" चरण के दौरान हैं 3
अवार्ड और संवितरण चरण 6
अस्वीकृत फंडिंग अनुरोध 6
अवार्ड और संवितरण चरण के बाद 7
अपील, पुनर्विचार और अनुपूरक अवार्ड 7
अन्य विशेष परिस्थितियां 8

आवेदन उपरांत

SBA अप्रैल 2021 में प्राथमिकता के क्रम में आवेदनों को संसाधित करना शुरू किया।
26 जुलाई, 2021 तक, SBA 95% आवेदनों पर निर्णय ले चुका है।

निर्णय के बाद, अवार्ड से पहले दस्तावेज जिन पर हस्ताक्षर करने है या अतिरिक्त जानकारी आवश्यक हो इसके बारे में आवेदकों को SBA से संचार प्राप्त होगा। *ये संचार समय संवेदनशील हैं, कृपया अपने लागू होने वाली अंतिम तिथियों के लिए सावधानी से समीक्षा करें।*

ये संचार आवेदन में प्रदान किए गए पते पर ई-मेल (इन पतों से noesponse@sba.gov या svogrant@sba.gov) किए जाएंगे। कुछ ई-मेल आवेदनों के लिए, ई-मेल पता ; इसकी ओर से noresponse@sba.gov "noreply@salesforce.comयहां से आता नज़र आएगा।" अगर आपने आवेदन में फोन नंबर प्रदान किया है तो आपको टेक्स्ट भी मिल सकता है। अगर आपको ऐसा संचार प्राप्त होता है, लेकिन आपको चिंता है कि ये वास्तव मेंं SBA से नहीं आया है, तो आप SVOG आवेदन पोर्टल अपने SBA खाते में लॉगिन करके सभी आवश्यक कार्रवाई आइटम देख सकते हैं।

SBA स्थिति अपडेट समीक्षा और अवार्ड प्रक्रिया के जरिए प्रदान करेगा। आपको अनेक कारणों से ई-मेल स्थिति अपडेट प्राप्त हो सकते हैं:

- आपका अवार्ड पर अंतिम निर्णय ले लिया गया है, और आपको अपने अवार्ड-पूर्व दस्तावेज पूरे करने हैं
- आपके आवेदन की समीक्षा कर ली गई है और अतिरिक्त दस्तावेज और जानकारी की आवश्यकता है
- आपके आवेदन की समीक्षा कर ली गई है और अस्वीकार कर दिया गया है (अपील के बारे मेंं जानकारी के लिए नीचे देखें)

SBA ने मई के अंत में अनुदान अवार्ड निर्णय लेना शुरू किया था।

अवार्ड और अन्य अपडेट के बारे में नोटिस आवेदन में प्रदान की गई संपर्क जानकारी का उपयोग करके ई-मेल द्वारा प्रदान किया जाएगा। अगर आपने आवेदन में फोन नंबर प्रदान किया है तो आपको टेक्स्ट भी मिल सकता है। *ये संचार समय संवेदनशील हैं, कृपया अपने लागू होने वाली अंतिम तिथियों के लिए सावधानी से समीक्षा करें।*

जब आपको SBA से स्थिति अपडेट प्राप्त हो, तो सभी आवश्यक कार्रवाई आइटम पूरे करने के लिए SVOG आवेदन पोर्टल पर लॉगिन करें।

आप ई-मेल में प्राप्त लिंक पर क्लिक कर सकते हैं, या सीधे अपने ब्राउज़न में www.sba.gov/svogrant टाइप कर सकते हैं।

लॉगिन करने के बाद, अपना आवेदन खोलने के लिए ''फंडिंग अनुरोध नाम'' पर क्लिक करें।

- स्थिति अपडेट पेज के बायीं ओर शीर्ष पर नज़र आएगा।
- कार्रवाई आइटम पेज के दायीं और शीर्ष पर हैं।
  - वहां क्लिक करें और निर्देशों का पालन करें।
  - *कार्रवाई आइटम समय संवेदनशील हैं, कृपया अपने लागू होने वाली अंतिम तिथियों के लिए सावधानी से समीक्षा करें।*

अगर कार्रवाई आइटम पूरा करने के बारे में आपका कोई प्रश्न है, तो कृपया SBA से संपर्क करें:

सामान्य सहायता के लिए, आपदा ग्राहक सेवा केंद्र के कार्यालय में कॉल करें:

(1-800- 659-2955)

सोमवार से शुक्रवार सुबह 8 बजे से रात 8 बजे ET तक

ज्यादा जटिल सहायता के लिए, SBA संसाधन भागीदारों से संपर्क करें

आप www.sba.gov/local-assistance पर जाकर अपने क्षेत्र के भागीदारोेंं को पहचान सकते हैं।

कोई भी आवेदक यहां पर ई-मेल करके svogrant@sba.govआवेदन वापस लेने का अनुरोध कर सकता है। अगर आवेदक आवेदन वापस लेने का अनुरोध करता है, तो आवेदक दोबारा आवेदन नहीं कर पाएगा।

यह अनुरोध उस ई-मेल पते से भेजा जाना चाहिए तो SVOG आवेदन बनाने के लिए इस्तेमाल किया गया हो, और उसमें शामिल होना चाहिए:

1. विषय: "SVOG आवेदन वापस लेने का अनुरोध"
2. ई-मेल संदेश:
    - SVOG आवेदन संख्या
    - आवेदन बनाने के लिए उपयोग किया गया ई-मेल पता
    - संस्था का नाम, पता और फोन नंबर
    - अनुरोध करने वाले व्यक्ति का नाम -
        - यह अनुरोध आवेदक या आवेदन में नामित अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा किया जाना चाहिए।
    - आवेदक द्वारा आवेदन वापस करने के अनुरोध का कारण बताइए

आवेदक कार्रवाई आइटम जो "समीक्षा में" चरण के दौरान हैं

समीक्षा के बाद और स्वीकार या अस्वीकार होने से पहले, आपको नोटिस मिल सकता है कि आपको एक कार्रवाई आइटम पूरा करना है। संभावित कार्रवाई आइटमों में शामिल हैं:

1. तकनीकी गलतियां: आपके आवेदन की समीक्षा की गई है, लेकिन अतिरिक्त जानकारी या विशिष्ट आवश्यकता के दस्तावेज की आवश्यकता है।
    - आपको कार्रवाई आइटम के बारे में सुझाव देते हुए एक ई - मेल अधिसूचना प्राप्त होगा।
    - पोर्टल में लॉगिन करने के बाद, आप वह जांचसूची देख पाएंगे जो SVOG स्टाफ ने आपको अतिरिक्त जानकारी या दस्तावेज प्रदान करने के लिए सुझाई है।
    - अनुरोधित जानकारी अपलोड और सबमिट करने के लिए पोर्टल में प्रदान किए गए निर्देशों का पालन करें।
    - आवेदकों के पास यह कार्रवाई आइटम पूरा करने के लिए 14 दिन हैं।

2. 4506T: IRS विभिन्न कारणों से IRS द्वारा प्रोसेस नहीं हो सका।
    - आपको कार्रवाई आइटम के बारे में सुझाव देते हुए एक ई - मेल अधिसूचना प्राप्त होगा।
    - पोर्टल में लॉगिन करने के बाद, आप SVOG स्टाफ द्वारा तैयार की गई नई 4506T जांचसूची देख सकेंगे। अगर आवश्यक हो, तो आप उसमें सुधार कर सकते हैं।
    - दस्तावेज की समीक्षा करें और उस पर हस्ताक्षर करें।
    - दस्तावेज अपलोड और सबमिट करने के लिए पोर्टल में प्रदान किए गए निर्देशों का पालन करें।
    - आवेदकों के पास यह कार्रवाई आइटम पूरा करने के लिए 14 दिन हैं।

3. भुगतान ना करें: आपका नाम या संस्था का नाम कोष विभाग के डू नॉट पे (DNP) सूची पर नज़र आता है। अवार्ड से पहले आपकी स्थिति ठीक या क्लियर की गई होनी चाहिए।
   - आपको कार्रवाई आइटम के बारे में सुझाव देते हुए एक ई - मेल अधिसूचना प्राप्त होगा।
   - पोर्टल पर लॉगिन करने के बाद, आप इस बारे में जानकारी देख पाएंगे कि आपका नाम डू नॉट पे सूची में कहां और क्यों नज़र आता है।
   - अपने डू नॉट पे स्थिति के स्रोत से संपर्क करने के लिए प्रदान किए गए निर्देशों का पालन करें:
     - डू नॉट पे - निजता कार्यक्रम (treasury.gov) पर जाएं
     - "डेटा में सुधार करने की प्रक्रिया," पर जाएं
     - मिलान करने वाले स्रोत को खोजें, और
     - स्रोत से संपर्क करने और अपनी स्थिति ठीक या क्लियर करने के लिए संपर्क जानकारी का उपयोग करें
   - पोर्टल में, SBA को सूचित करने वाले निर्देशों का पालन करें कि आपने अपनी स्थिति क्लिक या ठीक कर दी है
   - आवेदकों के पास DNP स्थिति को क्लियर या ठीक करने के 30 दिन होते हैं

स्वीकृति के बाद का चरण

स्वीकृति के बाद और संवितरण से पहले, आपको नोटिस मिल सकता है कि आपको एक कार्रवाई आइटम पूरा करना है। संभावित कार्रवाई आइटमों में शामिल हैं:

1. अवार्ड का नोटिस (फॉर्म 1222): आपका आवेदन स्वीकृत हो चुका है, और आपकी अवार्ड राशि पर अंतिम निर्णय ले लिया गया है। आपको संवितरण से पहले अपने नोटिस ऑफ अवार्ड पर हस्ताक्षर करके वापस भेजना होगा।
   - आपको कार्रवाई आइटम के बारे में सुझाव देते हुए एक ई - मेल अधिसूचना प्राप्त होगा। पोर्टल में लॉगिन करने के बाद, आप वह जांचसूची देख पाएंगे जो SVOG स्टाफ ने आपको अतिरिक्त जानकारी या दस्तावेज प्रदान करने के लिए सुझाई है।
   - अनुरोधित जानकारी अपलोड और सबमिट करने के लिए पोर्टल में प्रदान किए गए निर्देशों का पालन करें।
   - आवेदकों के पास यह कार्रवाई आइटम पूरा करने के लिए 7 दिन हैं।
   - फॉर्म 1222 के बारे में अतिरिक्त टिप्पणियां:
     - फॉर्म 1222 पर "प्रोजेक्ट अवधि" SVOG कार्यक्रम में नोटिस ऑफ अवार्ड जारी करने की ग्रांटिंग अवधि है -- यह लागतों को वहन करने की अनुमेय समयावधि से मेल नहीं खाती।
     - "बजट अवधि" उस समय को दर्शाती जिसकी आपको अनुदान अवार्ड को खर्च करने की अनुमति है।
     - आपको अनुदान को 1 मार्च, 2020 शुरू होने वाली और 31 दिसंबर, 2021 (या 30 जून, 2022 अगर आपको अनुपूरक अवार्ड मिला हो) वहन की गई लागतों पर खर्च कर सकते हैं।
     - "बजट अवधि" उस समय को दर्शाती जिसकी आपको अनुदान अवार्ड को खर्च करने की अनुमति है।

2. <u>विशेष परिस्थितियां (फॉर्म 1222 परिशिष्ट):</u> आपका आवेदन स्वीकृत हो चुका है, और आपकी अवार्ड राशि पर अंतिम निर्णय ले लिया गया है। आपको संवितरण से पहले किसी भी सूचीबद्ध परिस्थितियों को पूरा करना होगा, या पूरा करने की स्वीकृति देनी होगी।
   - आपको कार्रवाई आइटम के बारे में सुझाव देते हुए एक ई - मेल अधिसूचना प्राप्त होगा।
   - पोर्टल पर लॉगिन करने के बाद, आप अपने नोटिस ऑफ अवार्ड या किसी भी परिशिष्ट को देख पाएंगे।
   - विशेष परिस्थिति दस्तावेज जो उसी समय अपलोड किए जाने चाहिए जब हस्ताक्षरित नोटिस ऑफ अवार्ड परिशिष्ट के अनुसार पहचाना जाएगा।
   - अनुरोधित जानकारी अपलोड और सबमिट करने के लिए पोर्टल में प्रदान किए गए निर्देशों का पालन करें।
   - आवेदकों के पास यह कार्रवाई आइटम पूरा करने के लिए 7 दिन हैं।
   - फॉर्म 1222 परिशिष्ट के बारे में अतिरिक्त टिप्पणियां:
     - अनुदान प्राप्तकर्ताओं से उनके 2020 के संघीय कर दाखिल करने की प्रति मांगी जा सकती है। कर वर्ष 2019 की फाइलिंग सर्वाधिक आवेदकों के लिए आरंभिक आवेदनों के भाग के तोर पर आवश्यक थी। राजस्व वर्ष दाखिलकर्ताओं के लिए, फॉर्म 1222 परिशिष्ट में आवश्यक है कि वे अपने सर्वाधिक हाल के कर वर्ष अपनी फाइलिंग की प्रति प्रदान करें।
     - कुछ अनुदान प्राप्तकर्ताओं ने परिशिष्ट और/या पोर्टल पर शर्त देखी होगी जिसमें लिखा है "आपको अपने अंतिम संवितरण के प्राप्त होने के 15 दिन के अंदर अंतिम 425 और सहायक दस्तावेज अपलोड करने होंगे।"
       - सही भाषा है "<u>आपको अपनी संपूर्ण अवार्ड राशि खर्च करने 15 दिन के अंदर अंतिम 425 और सहायक दस्तावेज</u> अपलोड करने होंगे।"
       - SBA जल्दी से जल्दी इस भाषा को बदल देगी लेकिन नोटिस ऑफ अवार्ड इस भाषा के साथ जारी करना जारी रह सकता है ताकि बेहद जरूरतों वाले व्यवसायों को आपात निधि पहुंचने की प्रक्रिया धीमी ना हो। इससे होने वाली किसी भी उलझन के लिए हम माफी चाहते हैं।
     - 500 कर्मचारियों से कम वाले अनुदान प्राप्तकर्ताओं को अतिरिक्त कार्यक्रम आश्वासनों के आरंभिक 10वीं पक्ति की आवश्यकता **नहीं** है।

3. <u>बजट संशोधन:</u> आपका आवेदन स्वीकृत हो चुका है, लेकिन आपकी संभावित अवार्ड राशि अपने आवेदन में आपके द्वारा प्रदान किए गए प्रस्तावित बजट से ज्यादा है। अगर आप अतिरिक्त निधि प्राप्त करना चाहते हैं तो आपको अपने बजट में संशोधन करना होगा या कम अनुदान अवार्ड प्राप्त करना चाहते हैं तो उसकी पुष्टि करनी होगी।
   - आपको कार्रवाई आइटम के बारे में सुझाव देते हुए एक ई - मेल अधिसूचना प्राप्त होगा।
   - पोर्टल में लॉगिन करने के बाद, आप वह जांचसूची देख पाएंगे जो SVOG स्टाफ ने आपको अतिरिक्त जानकारी या दस्तावेज प्रदान करने के लिए सुझाई है।
   - अनुरोधित जानकारी अपलोड और सबमिट करने के लिए पोर्टल में प्रदान किए गए निर्देशों का पालन करें।
   - आवेदकों के पास यह कार्रवाई आइटम पूरा करने के लिए 14 दिन हैं।

अवार्ड और संवितरण चरण

आवेदकों को संवितरण से पहले उचित तरीके से पूरा किया गया नोटिस ऑफ अवार्ड (NOA) वापस करना होगा और किन्हीं भी विशेष शर्तों को पूरा करना होगा।

SVOG टीम को पूरा किया गया NOA मिलने के बाद, आवेदक पुरस्कारी/अनुदान प्राप्तकर्ता बन जाता है और निधि के संवितरण को तय कर दिया जाता है।

पुरस्कारी को उनकी निधि प्राप्त होने के लिए उनके पास मान्य SAM पंजीकरण का होना अनिवार्य है।

पुरस्कारी निम्नलिखित को पूरा करके अपने SAM पंजीकरण स्थिति को देख सकते हैं:

1. https://www.sam.gov पर जाएं
2. लॉग इन को चुनें
3. मुख्य नेविगेशन में स्टेटस जांचें टैब पर जाएं
4. पुरस्कारी का DUNS नंबर दर्ज करें
5. स्थिति देखने के लिए खोजें को चुनें

अगर पुरस्कारी के पास मान्य SAM पंजीकरण नहीं हैं, तो पुरस्कारी को SAM.GOV पर पंजीकरण पूरा करना होगा। नया SAM.gov पंजीकरण सामान्य तौर पर प्रक्रिया पूरी करने में औसतन 7–10 कारोबारी दिन लेता है, लेकिन काम बहुत ज्यादा होने वाले दिनों में 30+ कारोबारी दिन भी लग सकते हैं। संस्था SAM.gov पर लॉगिन कर सकती है और SAM स्थिति ट्रैकर (स्थिति जांचें टैब के तहत) से तेजी से अपनी स्थिति जांच सकती है।

कम संख्या में आवेदकों को उनके आवेदक पोर्टल पर उनके संवितरण के लिए ''अस्वीकृत'' स्थिति या ''लंबित स्थिति'' दिख सकती है। अगर आपको ऐसी स्थिति दिखाई देती है, तो निम्न जानकारी को पढ़ें:

- ज्यादातर मामलों में, SBA आपकी ओर से इस संवितरण मसले को ठीक कर सकता है। SBA रोज ऐसे मसलों की जांच करता है और जल्द ही संवितरण दोबारा जारी करेगा।
- कुछ मामलों में, मसले को ठीक करने के लिए आपको कार्रवाई करनी पड़ सकती है। ऐसी स्थिति में, SBA विशेष निर्देशों के साथ आपसे संपर्क करेगा।

अस्वीकृत फंडिंग अनुरोध

जिन आवेदकों को अस्वीकार कर दिया गया है उन्हें उनकी स्थिति बताते हुए एक ई-मेल सूचना भेजी जाएगी। सभी अस्वीकृत आवेदकों के बाद अपील दायर करने का विकल्प होगा।

ज्यादातर अस्वीकृत आवेदकों ने SVOG कानून में स्थापित योग्यता मानदंडो को पूरा नहीं किया। अतिरिक्त जानकारी के लिए कृपया SVOG योग्यता मैट्रिक्स देखें।

अवार्ड और संवितरण चरण के बाद

अपनी राशि प्राप्त होने और खर्च करने के बाद, आपको SBA राशि के व्यय का लेखा सबमिट करना होगा।
आपको अनुदान बिल्कुल उसी तरह खर्च करने की जरूरत नहीं है, जैसे आपने आवेदन में प्रदान किए गए बजट में इंगित किया हो। आप लागतों को अनुमेय श्रेणियों के बीच हस्तांतरित कर सकती है—इसके लिए SBA की पूर्व-अनुमति की आवश्यकता नहीं है। हालांकि, आपको अनुदान केवल अनुमेय श्रेणियों में खर्च करना होगा और सभी अनुदान प्राप्तकर्ताओं को अनुदान बंद करने पर अंतिम बजट सबमिट करना होगा।

आपको SBA को दर्शाना होगा कि सारी अनुदान राशि स्वीकार करने योग्य व्ययों पर खर्च की गई, आपको प्रतिपूर्ति की गई थी। यह लेखा SF-425 का उपयोग करके पूरा किया जाता है।
SF-425 में आपके खर्चों को वर्णन करने वाला संक्षित आख्यान, आपके SVOG अवार्ड के प्रभाव के संबंध में कुछ प्रश्न, और आपके सभी खर्चों का समर्थन करने के लिए आवश्यक अनुपूरक दस्तावेज जैसे रसीदें, चालान, या वक्तव्य शामिल होंगे।

आपके पास आखिरी खर्चे की तारीख से 15 दिन होंगे जिसमें आपको अपना SF-425 पूरा करना होगा और वापस करना होगा।

आपको अपने SVOG से संबंधित दस्तावेज 4 वर्ष तक बनाए रखने होंगे, जैसे प्रमाणन, विशेष शर्तें, रोजगार के रिकॉर्ड आदि।

राजस्व वर्ष के दौरान संघीय निधि में $750,000 या ज्यादा खर्च करने वाले अनुदान प्राप्कर्ताओं को बाह्य ऑडिट कराना होगा और इस ऑडिट से संबंधित जानकारी SBA में जमा करानी होगी।

अपील, पुनर्विचार और अनुपूरक अवार्ड

उनके मूल SVOG आवेदन पर अंतिम निर्णय प्राप्त होने के बाद, आवेदकों के अतिरिक्त फंडिंग लेने के तीन संभावित विकल्प हैं: अपील, पुनर्विचार और अनुपूरक अवार्ड।

अपील
अस्वीकृत आवेदकों को एक ई-मेल सूचना मिलेगी और उनके SVOGपोर्टल पर एक अपडेट मिलेगा कि वे अपील सबमिट करने के योग्य हैं। आरंभिक अपील समयावधि दो सप्ताह तक रहेगी, जिसके दौरान फंडिंग संरक्षित की जाएगी। इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि आरंभिक दो सप्ताह की समयावधि खत्म होने केबाद अपील करने वाले आवेदकों के लिए फंडिंग उपलब्ध रहेगी।

अपील प्रक्रिया चुनने वाले आवेदकों को योग्यता मैट्रिक्स की समीक्षा करने और अपील के उनके आधार को जताने वाले हस्ताक्षरित वक्तव्य, और साथ ही अन्य कोई भी समर्थक दस्तावेज अपलोड करने के लिए कहा जाएगा। जिन आवेदकों की अपील स्वीकृत हो चुकी है, लेकिन उनके आवेदन पर समायोजित प्रस्तावित अनुदान राशि से कम से कम $100 से कम अवार्ड राशि प्राप्त हुई, उन्हें पुनर्विचार प्रक्रिया का चयन करने का अवसर दिया जाएगा। जिन आवेदकों अपील अस्वीकृत हो गई हो उनके लिए कोई दूसरी अपील प्रक्रिया का अवसर नहीं है।

पुनर्विचार
उनके आवेदन पर समायोजित प्रस्तावित अनुदान राशि से कम से कम $100 से कम अवार्ड राशि प्राप्त होने वाले आवेदकों को एक ई-मेल सूचना मिलेगी कि वे पुनर्विचार के लिए आवेदन करने के योग्य हैं।

आरंभिक पुनर्विचार समयावधि दो सप्ताह तक रहेगी, जिसके दौरान फंडिंग संरक्षित की जाएगी। इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि आरंभिक दो सप्ताह की समयावधि खत्म होने के बाद पुनर्विचार का अनुरोध करने वाले आवेदकों के लिए फंडिंग उपलब्ध रहेगी।

पूरक अवार्ड
सभी अनुदान प्राप्तकर्ताओं को उनकी 2021 के अर्जित राजस्व को अपडेट करने के अवसर के साथ एक कार्रवाई आइटम प्राप्त होगा। अगर आप अपना 2021 का अर्जित राजस्व अपडेट करना चाहते हैं, तो आपको पोर्टल पर लॉगिन करना होगा और इस कार्रवाई आइटम के जरिए अपडेट करना होगा। अन्यथा, SBAयह मानेगा कि आपके आवेदन में प्रदान किए गए अर्जित राजस्व के आंकड़े निश्चित हैं।

SVOG कानून के आधार पर जो अनुपूरक अवार्ड के योग्य हैं और राजस्व कमाया था उन्हें अनुपूरक अवार्ड का अनुरोध करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

जैसा कि कानून में बताया गया है, अनुपूरक अवार्ड राशियां, आवेदक के आरंभिक अवार्ड की 50% होगी, एकल संस्था के लिए आरंभिक अनुदान और $10 मिलियन के संतुलन से ज्यादा नहीं। अगर सभी योग्य संस्थाओं को अनुपूरक अवार्ड देने के लिए पर्याप्त फंडिंग नहीं, तो उन आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी जिन्हें क्यू1 2019 की तुलना में क्यू 1 2021 में सबसे ज्यादा घाटा हुआ हो।

अन्य विशेष परिस्थितियां

कम संख्या में आवेदकों को SVOG से यह इंगित करते हुए एक ई-मेल प्राप्त हो सकती है कि उनका टैक्स ट्रांस्क्रिप्ट "कोई रिकॉर्ड नहीं मिला" के साथ वापस आ गया। अगर आपको ऐसी ई-मेल प्राप्त होती है, तो इन निर्देशों का पालन करें:

चरण 1.

- आंतरितक राजस्व सेवा (IRS) Is सत्यापित करें कि आपका 2019 का संघीय कर रिटर्न प्राप्त हो गया है और संसाधित हो गया है।
- आपकी स्थिति के आधार पर, IRS आपकी सहायता के लिए कुछ टोल-फ्री नंबर प्रदान करती है:
    - फॉर्म 1040 फाइल करने वाले आवेदकों के लिए, 800-829-1040 पर कॉल करें, स्थानीय समय के सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक,
    - फॉर्म 1065, 1120 या 1120-S फाइल करने वाले आवेदकों के लिए, 800-829-4933 पर कॉल करें, स्थानीय समय के सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक, या
    - फॉर्म 990 या 990-EZ फाइल करने वाले आवेदकों के लिए, 877-829-5500 पर कॉल करें, स्थानीय समय के सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक।

चरण 2:

- अगर IRS आपको बताता है कि आपका कर रिटर्न प्राप्त हो गया है और संसाधित कर दिया गया है, तो कृपया दूसरा 4506-T भरने के लिए निर्देशों का पालन करें और पक्का करें कि सभी जानकारी सही है।
- अगर IRS बताता है कि आपका टैक्स रिटर्न प्राप्त हो गया है लेकिन संसाधित नहीं हुआ है, तो चरण 3 पर जाएं।

चरण 3:

- करदाता अधिवक्ता सेवा (TAS) से संपर्क करें। TAS, IRS के भीतर ही एक स्वतंत्र संगठन है जो आपकी तब मदद करता है जब आपको कर संबंधी दिक्कत हो जिसका समाधान आप खुद ना कर पाएं (होम - करदाता अधिवक्ता सेवा (irs.gov))। आपका टैक्स रिटर्न संसाधित कराने में मदद के लिए, कृपया TAS से संपर्क करके पूछताछ करें कि क्या उनकी सेवा आपकी सहायता कर सकती है। इसके अतिरिक्त, आप यहां पर सीधे सहायता के लिए अनुरोध कर सकते हैं सहायता के लिए अनुरोध सबमिट करें - करदाता अधिवक्ता सेवा (irs.gov).